उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 11 आषाढ़, शक संवत्, 1929

( दिनांक : 02 जुलाई, 2007 )

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "**क**")।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी **"ख"**)।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री सुरेन्द्र राकेश, सदस्य, विधान सभा, "जनपद हरिद्वार के भगवानपुर से सिकरोढ़ा मार्ग का पुनःनिर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में" श्री सतपाल सिंह पुत्र श्री बलवन्त सिंह एवं अन्य निवासीगण, भगवानपुर, जनपद हरिद्वार द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

8. राजस्व मंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

9. राजस्व मंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करेंगे।

10. पंचायतीराज मंत्री, उत्तराखण्ड जिला योजना समिति विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

11. पंचायतीराज मंत्री, उत्तराखण्ड जिला योजना समिति विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करेंगे।

12. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

---

**(समय : अपराह्न 4:00 बजे)।**

13. मुख्यमंत्री, वित्तीय वर्ष 2007-08 का आय-व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

14. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

15. जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी के पिलंग गाँव में नियम विरूद्ध शिक्षा मित्र की नियुक्ति के संबंध में श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 27 जून, 2007 को दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

16. जनपद हरिद्वार में ए0डी0बी0 योजना के अन्तर्गत सड़कों के सुधार के संबंध में श्री सुरेन्द्र राकेश, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 27 जून, 2007 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 02 जुलाई, 2007**

**(महेश चन्द्र)**
सचिव।

द्वितीय सत्र, 2007
का प्रथम सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 11 आषाढ़, शक संवत्, 1929
## ( दिनांक : 02 जुलाई, 2007 )

# नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजानदास<br>15–06–2007 | ** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उ0प्र0 परिवहन निगम की दिल्ली से देहरादून तक संचालित होने वाली बसों के संबंध में उ0प्र0 सरकार से कोई अनुबन्ध हुआ है? क्या यह सत्य है कि इन बसों के संचालन से उत्तराखण्ड परिवहन निगम की आय प्रभावित हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इन बसों के संचालन पर रोक लगाये जाने की कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह<br>18–06–2007<br>काजी निजामुद्दीन<br>20–06–2007 | **क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विद्युत कटौती की जा रही है? यदि हाँ, तो विद्युत कटौती कब तक जारी रहेगी? | ऊर्जा |

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री केदार सिंह रावत<br>27–04–2007 | *1. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को प्राथमिक विद्यालयों में मात्र तीन छात्र प्रति विद्यालय छात्रवृति दी जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार यह छात्रवृति सभी अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को दिये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? | समाज कल्याण |
| श्री केदार सिंह रावत<br>27–04–2007 | *2. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि समाज कल्याण विभाग की विभिन्न छात्रवृत्ति व पेंशन योजनाओं के वितरण में शासन द्वारा एकाउण्ट पेयी चैकों द्वारा भुगतान की व्यवस्था है? क्या यह सत्य है कि प्रत्येक गांव में पोस्ट आफिस या बैंक न होने के कारण छोटी राशि के लिये लाभार्थियों को परेशान होना पड़ रहा है? क्या सरकार इस वितरण को पे–आर्डर या बीयरर चैक के माध्यम से वितरित करने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>30–04–2007 | *3. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में उद्यान विभाग द्वारा क्या–क्या योजनायें चलाई जा रही हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ब्लाक भगवानपुर में विभाग द्वारा दिये गये ऋण व अनुदान से कितने किसानों द्वारा उद्यान लगाये गये? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी तथा दोषी अधिकारियों व किसानों पर कार्यवाही करेगी? | उद्यान |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>30–04–2007 | *4. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2005–2006 तथा 2006–2007 में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न जनपदों को कितनी–कितनी धनराशि आंवटित की गयी है? क्या यह सही है कि जनपद हरिद्वार को जनसंख्या के अनुपात में अपेक्षाकृत कम धनराशि आंवटित की गयी है? यदि हाँ, तो कम धनराशि आंवटित किये जाने के क्या कारण हैं? | समाज कल्याण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>04–05–2007 | *5. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा संचालित अनु0ज0जाति के छात्र–छात्राओं की पढ़ाई हेतु रा0 आश्रम पद्धति विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों को शिक्षा विभाग के अध्यापकों के अनुरूप वेतन न दिये जाने के क्या कारण हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि समान कार्य समान वेतन नीति के अन्तर्गत रा0 आश्रम पद्धति विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों का वेतन शिक्षा विभाग के अध्यापकों के बराबर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री दिनेश अग्रवाल<br>04–05–2007 | *6. | क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 'सिडकुल' द्वारा प्रदेश में कितने लोगों को भू–खण्ड आंवटित किया गया है? क्या यह सत्य है कि आवंटित भू–खण्ड के स्वामियों द्वारा भू–खण्ड का स्वंय उपयोग न करके भू–खण्डों की बिक्री की जा रही है? यदि हाँ, तो क्या बिक्री पर सरकार द्वारा कोई रोक की कार्यवाही की गयी है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | औद्योगिक विकास |
| श्री दिनेश अग्रवाल<br>04–05–2007 | *7. | क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा एम.डी.डी.ए. को समाप्त करने पर विचार किया जा रहा है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>07–05–2007 | *8. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में अनुसूचित जन–जाति के छात्र छात्राओं की पढ़ाई हेतु सरकार द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति के विद्यालयों को उच्चीकृत किये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>07–05–2007 | *9. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्रीय निधि, प्रधान मंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़कों के अनुरक्षण की जिम्मेदारी 5 वर्ष तक ठेकेदार की होती है? यदि हाँ, तो क्या जिला योजना या राज्य योजना द्वारा निर्मित सड़कों के अनुरक्षण की जिम्मेदारी 5 वर्ष तक ठेकेदार की निर्धारित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| कुवँर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>09–05–2007 | *10. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत लक्सर विधान सभा में लो0नि0वि0 द्वारा पूर्व में एस0सी0पी0 योजनान्तर्गत स्वीकृत कान्हेवाली के हड़वाहे नाले पर सेतु निर्माण (वर्ष 2004–05), बीजोपुरा से मिर्जापुर के मध्य हड़वाहे लाने पर सेतु निर्माण (वर्ष 2003–04) तथा महेशरा से गोर्धनपुर–लक्सर मार्ग तक सड़क अनुरक्षण कार्य (वर्ष 2004–05) का निर्माण कार्य अभी तक प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार अति–पिछड़े खाद्दर क्षेत्र के विकासार्थ उक्त कार्यो को पूर्ण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

कुवँर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
14–05–2007

*11. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि राज्य में स्थापित उद्योगों में उत्तराखण्ड के बेरोजगार युवकों को रोजगार न देकर अन्य राज्यों के बेरोजगारों को रोजगार प्रदान कराया जा रहा है? क्या सरकार जनपद देहरादून, हरिद्वार एवं उधमसिंहनगर में सिडकुल द्वारा स्थापित औद्योगिक प्रतिष्ठानों में प्रतिशतवार राज्य एवं बाहरी व्यक्तियों की नौकरी के दर की सूची का उल्लेख कर एक समय सीमा के अन्दर उत्तराखण्ड के युवाओं को रोजगार दिलाये जाने हेतु उपाय करेगी? क्या सरकार उक्त उद्योगों में योग्यतानुसार राज्य के ही बेरोजगारों को 70% नौकरियां दिलाये जाने हेतु कोई नीति तैयार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**द्वितीय शुक्रवार के तारा0 4 में स्था0**

कुवँर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
14–05–2007

*12. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि चुनाव आचार संहिता से पूर्व राज्य में पुलिस भर्ती प्रक्रिया को मध्य में ही रोके जाने के क्या कारण थे? क्या सरकार लोकहित में इस रूकी हुई प्रक्रिया को पुनः प्रारम्भ कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

श्री शहजाद
17–05–2007

*13. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में निवास करने वाले जाट समुदाय के लोगों को उत्तर प्रदेश की भांति उत्तराखण्ड में भी पिछड़ी जाति में सम्मिलित किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

समाज कल्याण

श्री यशपाल बेनाम
श्री किशोर उपाध्याय
17–05–2007

*14. **आश्वासन समिति के विचाराधीन विषय होने के आधार पर निरस्त**

श्री किशोर उपाध्याय
18–05–2007

*15. क्या मुख्यमंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि राज्य की विधान सभा क्षेत्रों के परिसीमन से संबंधित अंतिम प्रारूप भारत के निर्वाचन आयोग से राज्य सरकार को प्राप्त हो गया है? क्या राज्य सरकार प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र सरकार/निर्वाचन आयोग को संशोधन हेतु अनुरोध करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

निर्वाचन

| | | |
|---|---|---|
| श्री किशोर उपाध्याय<br>18–05–2007 | ***16.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा राज्य सरकार के कर्मचारियों के हेतु स्थानान्तरण नीति का निर्धारण कर लिया गया है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | कार्मिक |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>21–05–2007 | ***17.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में संचालित लोहारीनाग पाला व पाला मनेरी जल विद्युत परियोजनाओं की पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट तैयार की गई है? यदि हाँ, तो क्या उक्त रिपोर्ट उपलब्ध करायी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>22–05–2007 | ***18.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में छात्र/छात्राओं को देय 500 रू0 की छात्रवृत्ति पर बैंको में खाता खुलवाने की बाध्यता है जिससे छात्र/ छात्राओं को भारी परेशानियों तथा व्यावहारिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार खाता खुलवाने की बाध्यता को समाप्त कर छात्रवृत्ति भुगतान प्रक्रिया का सरलीकरण करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>23–05–2007 | ***19.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी द्वारा स्वतन्त्र फीडर लाईन निर्माण के लिये 31.03.83 को 318990.00 रूपये बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से विद्युत विभाग में जमा किये गये थे? यदि हाँ, तो क्या यह सत्य है कि 23 वर्ष बाद भी आज तक विभाग द्वारा स्वतन्त्र फीडर लाईन व्यवस्था नहीं की गई है? क्या सरकार इस प्रकरण की शीघ्र जांच करवाकर स्वतन्त्र फीडर लाईन की व्यवस्था करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| डा0 शैलैन्द्र मोहन सिंघल<br>24–05–2007 | ***20.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 को ए0पी0डी0आर0पी0 योजना के अन्तर्गत भारत सरकार से राज्य निर्माण के उपरान्त गत वर्षो में कितना अनुदान/ऋण प्राप्त हुआ तथा यह ऋण सरकार द्वारा किन कार्यो के लिये दिया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कारपोरेशन को जिन कार्यो के लिये अनुदान/ऋण प्राप्त हुआ उन्ही कार्यो पर इसका व्यय किया गया तथा 31 .03.07 तक उक्त योजना के अन्तर्गत कितना धन व्यय हुआ एवं कितना अनुदान/ऋण अभी तक शेष है? क्या उक्त योजना का उद्देश्य पूर्ण हो गया है? यदि नहीं, तो इसके लिये कौन दोषी है? | ऊर्जा |

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री केदार सिंह रावत<br>27–04–2007 | **1.** | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार खाल्टा व जौनपुरी समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय अनुसूची में शामिल करने के लिये कार्यवाही कर रही है? यदि हाँ, तो प्रक्रिया कब तक पूर्ण हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री केदार सिंह रावत<br>27–04–2007 | **2.** | क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि उत्तरकाशी जिले के चिन्याली सौड़ ब्लाक की गमरी, दिचली व बिष्ट पट्टियों की जनता को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने विषयक पत्रावली समाज कल्याण विभाग में लम्बित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इन क्षेत्रों की आबादी को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित करने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? | समाज कल्याण |
| श्री चन्दन राम दास<br>30–04–2007 | **3.** | क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जिलाधिकारी, अल्मोड़ा के पत्रांक 2145 /पन्द्रह–133/मु.मं.वि.को./2005–06, दि0 28.12.2006 द्वारा श्री प्रकाश चन्द्र पुत्र स्व0 ठाकुर दत्त, ग्राम वीना, ताकुला, तहसील अल्मोड़ा को अग्निकाण्ड क्षति हेतु आर्थिक सहायता दिये जाने की संस्तुति पर तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा कम्प्यूटर नं0 131614/2006–2007 पर 5.00 लाख रू0 स्वीकृत किये? यदि हाँ, तो यह धनराशि पीड़ित अभ्यर्थी को कब तक प्राप्त हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>01–05–2007 | **4.** | क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद के ब्लाक भगवानपुर के अन्तर्गत उच्च शिक्षा हेतु कोई राजकीय डिग्री कालेज नहीं है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित को दृष्टिगत रखते हुए उक्त क्षेत्र में राजकीय डिग्री कालेज खोले जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>01–05–2007 | **5.** | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत रूड़की वितरण खण्ड में गत वित्तीय वर्ष 2006–2007 में कितने ट्रान्सफार्मर किस–किस गांव में जले तथा जले हुए ट्रान्सफार्मर किस एजेन्सी के द्वारा ठीक कराये गये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि एक ट्रान्सफार्मर ठीक कराने में औसतन कितना धन खर्च किया जाता है तथा उक्त वित्तीय वर्ष में ट्रान्सफार्मर ठीक कराने पर कितना धन व्यय (खर्च) किया गया? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ओमगोपाल<br>03–05–2007 | **6.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शासनादेश संख्या 63/III–2/06–91(प्रा.आ.) 05, दि0 16–1–2006 द्वारा क्रमांक 8 पर जनपद पिथौरागढ़ में स्वीकृत मोटर मार्ग निर्माण एवं सुधार का कार्य पूरा हो गया है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो निर्माण एवं सुधार कब तक पूरा करने का लक्ष्य है? | लोक निर्माण |
| श्री ओमगोपाल<br>03–05–2007 | **7.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शासनादेश संख्या 826/111–2/06–41(प्रा0आ0)/03, दि0 28–3–2006 द्वारा स्वीकृत जनपद पिथौरागढ़ में धराड़ी–नागधूणा–चौरपाल–शिवना–पाली मोटर मार्ग अब तक कितने कि0मी0 सड़क निर्माण हुआ है? यदि नहीं, तो क्यों? कब तक उक्त निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है? | लोक निर्माण |
| श्री ओमगोपाल<br>03–05–2007 | **8.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिलाधिकारी, पिथौरागढ़ को सम्बोधित उनके कार्यालय के अर्द्धशासकीय पत्रांक D–1385/XXXV (3)/2006–07, दिनांक 11 दिसम्बर, 2006 के क्रमांक 110361/2006–07 एवं 110365/2006–07 पर श्री त्रिलोचन एवं श्रीमती भागीरथी देवी को विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता स्वीकार हुई है? यदि हाँ, तो स्वीकृत धनराशि का वितरण कर दिया है? यदि नहीं, तो कब तक उक्त सहायता राशि का वितरण कर दिया जायेगा? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>04–05–2007 | **9.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंहनगर में सरकार द्वारा संचालित रा0 बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय खटीमा उधमसिंह नगर के भवन हेतु ग्राम अमाऊँ में भूमि आवंटित की जा चुकी है? क्या यह सत्य है कि बी.ए.डी.पी. द्वारा छात्रावास हेतु तीन कमरे भी निर्मित किये जा चुके हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार शेष भवन हेतु उक्त भूमि पर विद्यालय भवन निर्माण कब तक करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>04–05–2007 | **10.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर में रा0आ0प0 विद्यालय खटीमा का विद्यालय भवन पुराना व अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण स्थिति में हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय हेतु नये भवन निर्माण कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>04–05–2007 | **11.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के मैदानी ग्रामीण अंचल में विद्युत वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने हेतु खराब ट्रासफार्मरों को कितनी अवधि में बदले जाने की व्यवस्था है? क्या सरकार खराब ट्रासफार्मरों एवं पुरानी विद्युत लाइनों की समयबद्ध तरीके से बदले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>07–05–2007 | **12.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जिला उधमसिंह नगर के अन्तर्गत खटीमा में बाईपास मार्ग होने के कारण खटीमा मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है? क्या मुख्यमंत्री जी यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने हेतु खटीमा में टनकपुर–बनबसा–पीलीभीत–पूरनपुर–सितारगंज आने–जाने वाले वाहनों हेतु बाईपास मार्ग के निर्माण कराये जाने पर विचार करेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>07–05–2007 | **13.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में वर्ष 2006–07 में विधवा पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन तथा पारिवारिक लाभ योजना में कितने व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं तथा इनके चयन की प्रक्रिया क्या है? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>07–05–2007 | **14.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद में रोशनाबाद में बिहारीगढ़ तक नये मोटर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति विगत वित्तीय वर्ष में दे दी गई थी? यदि हाँ, तो निर्माण कार्य कब तक शुरू हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>08–05–2007 | **15.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में वर्ष 2006–07 में अनुसूचित जाति की गरीब लड़कियों की शादी हेतु दी जाने वाली सहायता से अब तक कितने परिवारों को लाभ दिया गया है तथा परिवारों के चयन की प्रक्रिया क्या है? | समाज कल्याण |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>09–05–2007 | **16.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के खटीमा लोहिया हैड जल विद्युत गृह द्वारा कितनी बिजली का उत्पादन हो रहा है? क्या खटीमा लोहिया हैड जल विद्युत गृह की विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>10–05–2007 | **17** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में वर्ष 2002 से 2007 तक प्रति वर्ष कितने अनुसूचित जाति के उत्पीड़न (एस.सी.एक्ट) के मुकदमें दर्ज किये गये? क्या सभी मुकदमों में चार्ज शीट लगाई गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>10–05–2007 | **18** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अनुसूचित जाति के लोगों का सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवाओं में आरक्षण कोटा पूर्ण है? यदि नहीं, तो क्या सरकार आरक्षण कोटा पूर्ण करने हेतु कोई ठोस योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>17–06–2007 | **19.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के मैदानी जिलों हरिद्वार एवं उधमसिंह नगर में अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के कर्मियों को पर्वतीय विकास भत्ता दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| कुवँर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>18–05–2007 | **20.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार पथरी में वन गूर्जर समुदाय की बस्ती हेतु सम्पर्क मार्ग जीर्ण–शीर्ण हालत में हैं, जिससे इन जन–जातीय, निर्धन, पिछड़े समुदाय को अत्यधिक कठिनाई होती है? क्या सरकार जनहित में लक्सर हरिद्वार मार्ग से दुर्गागढ़ तक कच्चे मार्ग पर विशेष मात्राकरण योजना के अन्तर्गत सड़क मार्ग का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>21–05–2007 | **21.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाडी के हर्षिल उपला टकनौर क्षेत्र में विद्युत समस्या को दृष्टिगत रखते हुए गंगोत्री धाम तक ग्रिड लाईन का निर्माण कराया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>21–05–2007 | **22.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाडी अन्तर्गत नौगांव (केलसू) तथा विकासखण्ड डुण्डा में गाजणा क्षेत्र के भड़कोट, बागी, ठाण्डी, कमद और कुमारकोट गांवों में विद्युत सप्लाई एक वर्ष से बन्द पड़ी है? यदि हाँ, तो उक्त गांवों में कब तक विद्युत सप्लाई शुरू की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>22–05–2007 | **23.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विकासखण्ड भटवाडी के गंगोरी में संचालित पावर हाऊस बन्द पड़ा हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त पावर हाऊस को कब तक पुनः संचालित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>22–05–2007 | **24.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में ग्रामीण विद्युतीकरण योजना व ए0पी0डी0आर0पी0 के अन्तर्गत विद्युतीकरण कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है? क्या यह सत्य है कि अभी भी कई गांव व मजरे विद्युतीकरण से वंचित हैं? यदि हाँ, तो सरकार उक्त कार्यो की जांच करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री विजय सिंह पंवार<br>22–05–2007 | **25.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में टिहरी बांध परियोजना निर्माण में सृजित जलाशय से उत्पन्न स्थिति के कारण सार्वजनिक आवागमन के लिये प्रतापनगर से मदन नेगी, मदन नेगी से बी0पुरम व बी0पुरम से वौराडी नई टिहरी तक रोप–वे का निर्माण कराया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय बुधवार के अता0 12 में स्था0 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विजय सिंह पंवार<br>22–05–2007 | **26.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर की विषम भौगोलिक स्थिति, टिहरी जलाशय के कारण उत्पन्न विकट परिस्थिति व अत्यधिक पिछड़ेपन के कारण प्रतापनगर को पिछड़ा क्षेत्र कब तक घोषित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>22–05–2007 | **27.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धन आवंटन किये जाने की प्रक्रिया में कोई परिवर्तन किया गया है? यदि हाँ, तो क्या? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्री विजय सिंह पंवार<br>23–05–2007 | **28.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर अन्तर्गत उपली रमोली क्षेत्र में विद्युत सप्लाई लम्बे समय से बन्द है और उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत सप्लाई की मांग की जा रही है? यदि हाँ, तो उक्त क्षेत्र में विद्युत सप्लाई कब से प्रारम्भ की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री विजय सिंह पंवार<br>23–05–2007 | **29.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर में टिहरी बांध परियोजना झील निर्माण के कारण पीपलडाली पुल से लम्बगांव की ओर बढ़ते यातायात को दृष्टिगत रखकर पीपलडाली से धौन्तरी तक मोटरमार्ग का सुदृढ़ीकरण व चौडीकरण कराया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>10–05–2007 | **30.** क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर की खटीमा तहसील के परिसर में सितम्बर, 1994 को उत्तराखण्ड आन्दोलनकारियों ने सबसे अधिक शहादत दी थी? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी उत्तराखण्ड आन्दोलन के शहीदों को स्मृति में खटीमा तहसील कार्यालय के पुराने परिसर में शहीद स्मारक बनायें जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>24–05–2007 | **31.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत चयनित ग्रामों की कुल संख्या कितनी है? क्या उक्त सभी ग्रामों में विद्युतीकरण के कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>24–05–2007 | **32.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2003, 2004, 2005, 2006 में निर्माण खण्ड रानीखेत, जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा कुल स्वीकृत सड़कों के नाम एवं संख्या क्या है? क्या उक्त स्वीकृत सभी सड़कों में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है? यदि हाँ, तो किन–किन सड़कों में? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>24–05–2007 | **33.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के भेषज एवं जड़ी–बूटी विकास योजना में कार्यरत पर्यवेक्षकों एवं वर्गीकरण सहायकों को पदोन्नति दी गई है? यदि हाँ, तो कब एवं किस–किस को? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिंह<br>25–05–2007 | **34.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकासखण्ड चकराता व कालसी में कितने नये मोटर मार्ग स्वीकृत हैं? क्या स्वीकृत मोटर मार्गो पर कार्य प्रारम्भ कराया जा चुका है? यदि हाँ, तो उक्त मोटर मार्गो की स्थिति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>25–05–2007 | **35.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा अन्तर्गत मोटिला–गवाड़–सुरईखेत मोटर मार्ग सुरईखेत तक स्वीकृत हो गया है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>29–05–2007 | **36.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा विकासखण्ड विकासनगर के बिन्हार क्षेत्र को पिछड़ा क्षेत्र घोषित करने की घोषणा के संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है? क्या सरकार बिन्हार को पिछड़ा क्षेत्र घोषित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>30–05–2007 | **37.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 1984 में हुए सिक्ख विरोधी दंगों में उत्तराखण्ड के संबंधित परिवारों को केन्द्र सरकार द्वारा दिये निर्देश के आधार पर अतिरिक्त आर्थिक सहायता देने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो पीड़ित व्यक्तियों को कितनी एवं कब तक सहायता प्रदान की जायेगी? | गृह |
| श्री खजानदास<br>30–05–2007 | **38** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी के अन्तर्गत थत्यूड़–कैम्पटी मोटर मार्ग की स्वीकृति वर्ष 1989 में हुई थी? क्या यह सत्य है कि उक्त मोटर मार्ग मात्र 3 किमी0 ही बन पाया है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त मोटर मार्ग के निर्माण होने से कैम्पटी न्याय पंचायत क्षेत्र के लगभग 60 से अधिक ग्राम लाभान्वित होंगे? यदि हाँ, तो क्या मुख्यमंत्री जी जनहित में कैम्पटी थत्यूड़ मोटर मार्ग का निर्माण यथाशीघ्र करवायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>31–05–2007 | **39.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम वलना, मुसनोला फल्द्वाडी, नाड़ में लो वोल्टेज तथा ट्रांसफार्मर जल जाने की शिकायत उक्त क्षेत्र की जनता द्वारा बार–बार की जाती रही है? यदि हाँ, तो क्या यह सत्य है कि उक्त गांव को जाने वाली विद्युत तारों के खिंचाव व विद्युत पोलों के बेसमेन्ट पर सीमेन्ट का आधार नहीं दिया गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र की विद्युत लाइन को ठीक किये जाने की कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | ऊर्जा |
| श्री खजानदास<br>31–05–2007 | **40.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी के अन्तर्गत थौलधार विकासखण्ड के कई गांवों को जोड़ने के लिये लालूरी, कोटी मेहरो मोटर मार्ग की मांग क्षेत्रवासी काफी लम्बे समय से करते चले आ रहे हैं किन्तु आज तक भी जनहित में उक्त मोटर मार्ग की स्वीकृति नहीं मिल पायी है? क्या उक्त मोटर मार्ग के निर्माण के संबंध में कोई कार्यवाही शासन स्तर पर विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या मुख्यमंत्री जी जनहित में लालूरी कोटी महरोखी मोटर मार्ग का निर्माण यथाशीघ्र करवायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री खजानदास<br>01–06–2007 | **41.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद अन्तर्गत टिहरी के बिलोदीपुल से धनौल्टी मोटर मार्ग पर्यटक स्थल धनौल्टी हेतु भवान नगुड़ मोटर मार्ग से जुड़ने के कारण उत्तरकाशी यमुनोत्री आदि स्थानों को आने–जाने में काफी सुविधा होगी? यदि हाँ, तो क्या मुख्यमंत्री जी जनहित में बिलोदीपुल धनौल्टी मोटर मार्ग की स्वीकृति प्रदान करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>01–06–2007 | **42.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के वि0ख0 सल्ट के राजस्व गांव चमोड़ी और ओनडी का विद्युतीकरण हो गया है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>04–06–2007 | **43.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के तल्ला सल्ट हेतु मछोड नामक स्थान पर 33 के0वी0ए0 का विद्युत सब–स्टेशन प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो उक्त सब–स्टेशन कब तक संचालित कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>04–06–2007 | **44.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के वि0ख0 सल्ट के अन्तर्गत शहीद ग्राम मौलेखाल खुमाड़ में महाविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति जारी कर दी गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>04–06–2007 | **45.** क्या उच्च शिक्षा बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के वि0ख0 स्याल्दे के अन्तर्गत सराईखेत में महाविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति जारी कर दी गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री करन मेहरा<br>04–06–2007 | **46.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि कुमायूँ इन्जीनियरिंग कालेज द्वाराहाट में क्रीड़ा अधिकारी के पदों में कार्यरत क्रीड़ा अधिकारियों का वेतन प्रा0 पाठशाला के अध्यापकों के बराबर दिया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार कुमायूँ इन्जीनियरिंग कालेज के क्रीड़ा अधिकारियों का वेतन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारियों के समान करने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री ओम गोपाल<br>05–06–2007 | **47.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में पुलिस थाना नरेन्द्र नगर को अपग्रेड कर निरीक्षक स्तर का थाना बनाया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>05–06–2007 | **48.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करें कि जनपद अल्मोड़ा के वि0ख0 सल्ट में इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना की स्वीकृति जारी कर दी गयी है?यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>05–06–2007 | **49.** क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट नगर पंचायत को मास्टर प्लान के अन्तर्गत लिये जाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हाँ, तो उसकी रूपरेखा क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>16–05–2007 | **50.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि कि हरिद्वार जनपद में प्रतिवर्ष लाखों व्यक्ति तीर्थ यात्रा हेतु आते हैं क्या यह भी सत्य है कि हरिद्वार में सैकड़ों फैक्ट्रियाँ स्थापित हो जाने के कारण हरिद्वार में सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है? यदि हाँ, तो क्या सरकार यातायात की गंभीर समस्या के समाधान हेतु कोई ठोस योजना बनायेगी? यदि हाँ, तो योजना का स्वरूप क्या होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |

श्री गोपाल सिंह राणा
04–05–2007

**51.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद उधमसिंह नगर के अन्तर्गत खटीमा तहसील में अनुसूचित जन जाति के छात्रों हेतु 'अनु0 जनजाति औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान' में कौन–कौन से ट्रेड हैं? किन–किन ट्रेडों (व्यवसायों) में अनुदेशक नियुक्त किये गये हैं तथा किन–किन ट्रेडों में अनुदेशक के पद रिक्त हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि रिक्त पड़े अनुदेशकों के पदों पर कब तक तैनाती कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**समाज कल्याण**

श्री हरिदास
14–05–2007

**52.** क्या लोक निर्माण मंत्री के संज्ञान में है कि रूड़की हरिद्वार हाईवे पर मोन्टफोर्ट स्कूल नाम की संस्था ने एन0एच0 58 पर स्कूल के सामने सरकारी जमीन पर कई वर्षो से कब्जा कर रखा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार एन0एच0 58 पर से मोन्टफोर्ट स्कूल का अवैध कब्जा (अतिक्रमण) हटवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**